Market Potential in Air Cooler Manufacturing:

इस उत्पाद की मांग अनेक कारकों जैसे नए कार्यालयों की स्थापना, जहाँ कूलर का उपयोग पहले से किया जा रहा है उनकी Replacement demand, आवासीय घरों का निर्माण एवं लोगों की जीवनशैली में बेहतरी की ओर होने वाले परिवर्तनों पर निर्भर करती है | इसके अलावा Air Coolers की Demand जो सबसे अधिक प्रभावित होती है वह है की किसी वर्ष विशेष में तापमान कितना बढ़ा | **उदाहरणार्थ:** माना वर्ष 2017 में 2016 के मुकाबले अधिक गर्मी पड़ेगी, तो आसार यह लगाये जा सकते हैं की 2017 में 2016 के मुकाबले अधिक Air Coolers बिकेंगे | इसके विपरीत यदि गर्मी कम पड़ेगी तो हो सकता है की कम कूलर बिकें | जैसा की हम सबको विदित है की वर्तमान में जनसँख्या में बढ़ोत्तरी के चलते हर साल नए नए घरों का, कार्यालयों का एवं अन्य संस्थानों का निर्माण होता रहता है | और वर्तमान में लोगों की कमाई में हो रही वृद्धि के कारण भी लोग Air coolers खरीदने का सामर्थ्य रखते हैं | इसके अलावा ऐसे परिवार एवं लोग जो अपने घरों एवं व्यवसायिक संस्थानों के लिए Air conditioned Afford नहीं कर सकते वे भी Air coolers खरीदने को उत्सुक रहते हैं | एक आंकड़े के मुताबिक पिछले दस वर्षों में Air coolers की मांग में लगभग 40% तक की वृद्धि हुई है | और आसार लगाये जा रहे हैं की यह वृद्धि आगे भी निरंतर इसी तेजी से होती रहेगी इसलिए कहा जा सकता है की किसी नए उद्यमी के लिए भी Air coolers making business में हाथ आजमाना फायदे का सौदा हो सकता है |

Required Machinery and raw Materials for Air coolers making:

Air Coolers Making business को Start करने में काम आने वाली मशीनरी की लिस्ट निम्नवत है |

- गिलोटिन Shearing मशीन
- पॉवर प्रेस (Power Press)

- स्प्रे गन के साथ Air Compressor
- छोटी गैस वेल्डिंग मशीन
- ड्रिल मशीन पोर्टेबल
- टेस्ट करने के उपकरण जैसे Air flow & Temperature मापक (Anemometer, high voltage tester, insulation tester इत्यादि)

Air coolers Making business में प्रयुक्त होने वाली Raw Materials की लिस्ट इस प्रकार से है |

- Mild Steel Sheet
- सबमर्सिबल पंप
- 16’’ के पंखे के साथ मोटर
- 18’’ के पंखे के साथ मोटर
- स्विच एवं Cables
- Angle Iron
- बोल्ट, स्क्रू & rivets
- PVC Pipe & Cup
- Wood wool pads
- Anodized Aluminum Sheet
- पेन्ट एवं केमिकल

Manufacturing Process of Air Coolers:

Air cooler manufacturing करने के लिए सबसे पहले उद्यमी द्वारा Mild Steel sheet को स्थानीय बाज़ार से ख़रीद लिया जाता है, और उसके बाद उसे आवश्यकतानुसार अर्थात माप के अनुसार कटिंग कर लिया जाता है | उसके बाद डिजाईन के अनुरूप इसे Vertical sides, Top Cover, water pump इत्यादि को आधार मानकर bent करना पड़ता है | पूरा ढांचा तैयार कर लेने के बाद इसमें Fan और

water pump को Mount किया जाता है | और कूलर के तीनो तरफ Filtered pads लगा दिए जाते हैं पंखे के आगे Grills लगाई जाती हैं जो हवा को दिशा देने का काम करती हैं की हवा किधर को चलेगी | उसके बाद Air Coolers के आगे की तरफ water pump और Power के switch फिट कर लिए जाते हैं | उसके बाद Vertical sides और Top Cover को एक साथ Assembled किया जाता है | और अंत में कूलर को मनचाहा रंग देने के लिए Paint कर दिया जाता है | Air Coolers making में कूलरों की गुणवत्ता BIS द्वारा निर्धारित IS-3315-1974 में तय मानकों के अनुरूप होनी चाहिए |

आप अधिक जानकारी एवंम आर्थिक निवेश कि जानकारी तथा मदत कें लिये आपके जिले मे निसंकोज MSME कें ऑफिस जा सकते जिनकि जानकारी आपको www.msme.gov.in पर उपलब्ध है.